हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–81 : जौनपुर, मंगलवार 22 नवम्बर 2022 साान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की घोषणा : बोले– दुनिया भर के निवेशकों का स्वागत है

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश को देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने "उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023" के आयोजन की औपचारिक घोषणा की है। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज प्रवासी भारतीय भवन में आयोजित एक भव्य कर्टेन रेजर सेरेमनी में राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक जगत के अनेक प्रतिष्ठित जनों, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों, सार्वजनिक क्षेत्र की अनेक कम्पनियों के प्रतिनिधियों आदि की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने दुनिया भर के औद्योगिक निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। जीआईएस 2023 के लोगो का अनावरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज एक प्रगतिशील परिवर्तनकारी यात्रा के शिखर पर है। प्रधानमंत्री जी द्वारा निर्धारित 'आत्मनिर्भर भारत' का विजन इस कायाकल्प का प्रमुख स्तंभ है। भारत को +5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का देश बनाने के प्रधानमंत्री जी के विजन का अनुकरण करते हुए, उत्तर प्रदेश ने अपने लिए +1 ट्रिलियन का लक्ष्य रखा है। इस क्रम में हमारी सरकार 10 से 12 फरवरी, 2023 तक लखनऊ में एक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है, ताकि राज्य में उपलब्ध असीम व्यावसायिक अवसरों से देश और दुनिया लाभान्वित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इन्वेस्टर्स समिट वैश्विक औद्योगिक जगत को आर्थिक विकास में सहयोग करने के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करने में उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन में विश्व स्तर के नीति निर्धारकों, कॉर्पोरेट जगत के शीर्ष नेतृत्व, व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों, एकेडेमिया, विचार मंच एवं प्रबुद्धजनों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा तथा सामूहिक रूप से व्यावसायिक संभावनाओं एवं सहभागिता के अवसरों पर मंथन किया जाएगा। बड़े उद्देश्य वाले इस विशिष्ट आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश दुनिया भर के निवेशकों को आमंत्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार इस समिट के माध्यम से प्रदेश ने ध्10 लाख करोड़ के वैश्विक निवेश का लक्ष्य रखा है। नीदरलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम व मॉरीशस होंगे पार्टनर कंट्री समिट की अब तक की तैयारियों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समिट के भव्य आयोजन में हमारे साथ भागीदारी करने के लिए अब तक लगभग 21 देशों ने उत्साह जताया है। यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में नीदरलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम और मॉरीशस ने हमारे साथ पार्टनर कंट्री के रूप में सहभागिता करेंगे। इसके अलावा, दुनिया भर के औद्योगिक निवेशकों को समिट में आमंत्रित करने के लिए प्रदेश सरकार भी 18 देशों एवं भारत के 07 प्रमुख नगरों में रोड–शो भी आयोजित कर रही है। विभिन्न देशों के राजदूतोंध्उच्चायुक्तों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी आएं, भागीदारी करें तथा ग्लोबल समिट को सफल बनाएं। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित इकाइयों के शीर्ष प्रबंधन एवं भारत सरकार के अधिकारियों के सहयोग के लिए भी आभार जताया। विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ बदल गया है उत्तर प्रदेश कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों में सक्षम नीतिगत समर्थन एवं विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करके अपने कारोबारी माहौल में बड़े पैमाने पर सुधार किया है। प्रोएक्टिव इनवेस्टर कनेक्ट तथा हैंडहोल्डिंग के लिए, हमारी सरकार ने समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने एवं उनके कार्यान्वयन की निगरानी के लिए "निवेश सारथी" के नाम एक नई ऑनलाइन प्रणाली विकसित की है, साथ ही एक ऑनलाइन इंसेंटिव मैनेजमेंट सिस्टम भी विकसित किया गया है। प्रदेश की नवीनतम औद्योगिक नीति व सेक्टरोल पॉलिसी से परिचय कराते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने आईटी/आईटीईएस, डेटा सेंटर, ईएसडीएम, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन, वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, टेक्सटाइल, एमएसएमई, आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए लगभग 25 नीतियों को तैयार करके नीति संचालित शासन के माध्यम से औद्योगिक विकास के लिए एक समय पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस फ्लैगशिप इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से राज्य सरकार का ध्येय निवेशक समुदाय के बीच उत्तर प्रदेश के निवेश आकर्षण को सुदृढ़ करने एवं राज्य के सर्वसमावेशी विकास हेतु अवसरों के सृजन करने की है।

## विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत प्रशिक्षण एवं रिवर रैंचिंग कार्यक्रम का किया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षाणर्थियों को विभिन्न योजनाओं में किस प्रकार से कार्य व अनुदान दिया जायेगा की जानकारी एवं उनकी समस्याओं का निराकरण एवं सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त गोमती नदी के गोपीघाट पर निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष अमरनाथ केवट व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य शाहिद जमाल एवं समस्त स्टाफ व मछुआ समुदाय के लोगों की उपस्थिति में गोमती नदी में 1.00 लाख मत्स्य



अंगुलिकाओं का संचय किया गया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत सीएससी के माध्यम से निकाली गई बाइक रैली

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : भारत सरकार सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अधिकृत सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बाइक रैली निकाली गई बाइक रैली में कॉमन सर्विस सेंटर संचालक, किसान भाई, इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुशवाहा एवं सीएससी जिला प्रबंधक अंशुल प्रताप यादव और अवनीश कुमार सिंह द्वारा बाइक रैली निकाला गया बाइक रैली को जिला कृषि अधिकारी श्री देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा अपने कर कमलों से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया श्री सिंह द्वारा किसान भाइयों को जागरूक करने हेतु ग्रामीणों से आह्वान किया गया रवि मौसम 2022 की शुरुआत हो गई है प्रधानमंत्री फसल बीमा के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा किसान भाई अपने फसलों की बीमा कराएं जिससे आपदाओं से फसलों की हुई क्षतिपूर्ति की भरपाई हो सकेगी एव किसान भाइयों की गाढ़ी कमाई को नुकसान होने से बचाया जा सकेगा।इस योजना में किसानों के पंजीकरण की अंतिम




तिथि 31 दिसंबर 2022 है। प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु किसान ज्यादा से ज्यादा अपना पंजीकरण कराएं एवं कामन सर्विस सेंटर का पंजीकरण कराने हेतु सहयोग ले बाइक विकास भवन से होकर छात्र संघ चौराहे पर जाकर समाप्त हुई।

## आपका उच्च व्यक्तित्व और आपकी संतुलित विचारधारा ही आपकी सफलता की कुंजी है–राम प्रकाश अपर जिलाधिकारी वि.रा.

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी वि. रा. राम प्रकाश जनपद महोबा द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अन्तर्गत संचालित निःशुल्क कोचिंग, स्थान जनक कुमारी इन्टर कालेज में छात्र छात्राओं को यूपीएससी की परीक्षा में सफलता के टिप्स देते हुए कहा कि अपने आप को सुधारने की दिशा में पहला कदम अपनी गलतियों और कमजोरियों को स्वीकार करना है। यदि आप अपने पिछले असफल प्रयासों से आहत हैं, तो विश्लेषण करें कि आपने क्या और कैसे गलत किया और उन्हें ठीक करने के लिए अतिशीघ्र प्रयास करना शुरू करें। आगे उन्होंने कहा कि अपने डर का सामना करें। भय जीवन में कई चीजों से आपको दूर रखता है। यह डर ही है जो आपको सिविल सेवाओं के बारे में सपने देखने से भी रोकता है और बहुत से लोग आईएएस परीक्षा का प्रयास करने के बारे में सोचते तक नहीं हैं। याद रखिये ये "भय केवल एक मानसिक स्थिति है" जिस पर एक अचूक तैयारी और कुशल अभ्यास द्वारा विजय प्राप्त की जा सकती है। यूपीएससी परीक्षा की तैयारी साहस के और उत्साह के साथ करें तथा अपने व्यक्तिगत विकास के लिये भी निरंतर परीक्षण और अभ्यास करें। यह भी ध्यान रखिये कि यूपीएससी इंटरव्यू में आपका उच्च व्यक्तित्व और आपकी संतुलित विचारधारा ही



आपकी सफलता की कुंजी है। अपनी इच्छा शक्ति प्रबल रखें। इच्छा शक्ति एक ऐसी जादू की गोली है, जो आपको सफलता की किसी भी ऊंचाई तक ले जा सकती है। आईएएस बनने के अपने दृढ़ संकल्प पर टिके रहें, ईमानदारी और अनुशासन से ही सफलता मिलती है और मार्गदर्शन के लिए अपने सीनियर व विशेषज्ञों से दिशानिर्देश लेते रहें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा० जंग बहादुर सिंह, सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा सहित दर्जनो छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

## सभी को हिन्दू हितचिंतक अभियान से जोड़ना है लक्ष्य–विश्व हिंदू परिषद

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद कानपुर प्रांत द्वारा 6 नवंबर से प्रारंभ किए गए हिंदू हित चिंतक अभियान अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद कानपुर प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री मधुराम द्वारा इटावा जिला कार्यालय विश्व हिंदू परिषद पर एक बैठक का आयोजन आचार्य पद्धति अनुसार किया गया तथा शहर के कई गणमान्य नागरिकों को उनके द्वारा हित चिंतक बनाया गया बैठक में जनपद के कई प्रखंडों से आए हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का मकसद जनपद के प्रत्येक ग्राम तथा ग्राम के नगला/मजरा तक पहुंच कर सभी हिंदू भाइयों को हित चिंतक अभियान से जोड़ना है सनातनी हिंदू तथा भारत में स्थापित किए गए तमाम पंथ जैसे सिख ,बौद्ध, जैन सभी को हिंदू हितचिंतक अभियान में जोड़ना है विश्व हिंदू परिषद का कार्य लोगों में आपसी जातिवाद को समाप्त करके हिंदू बनने के लिए प्रेरित करना है। देश में हो रहे धर्मांतरण ,लव जिहाद, लैंड जिहाद ,जातिवाद ,गोकशी को रोकने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है साल में कई बार बजरंग दल के कार्यकर्ता राष्ट्र की रक्षा करते हुए शहीद हो जाते हैं । दूसरे धर्म विशेष के लोग धर्मांतरण कराते हैं गोकशी का कार्य करते हैं लव जिहाद में हिंदू बहनों को गुमराह कर फंसा लेते बाद में मार देते हैं इन मुद्दों पर बड़े आंदोलन की जरूरत है इसके लिए हिंदुओं को उग्र हिंदू बनना पड़ेगा और यही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का कार्य है विश्व हिंदू परिषद इटावा द्वारा विश्व हिंदू परिषद के लिए किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की। शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर समाजसेवी तथा आरोग्य भारती के प्रांतीय पदाधिकारी राजीव त्रिपाठी, समाजसेवी प्रशासनिक अधिकारी




समीर दोहरे (पी सी एस), समाजसेवी राम शरण गुप्ता,विश्व हिंदू परिषद कानपुर के प्रांतीय कार्याध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा को हितचिंतक बनाया। टैक्सी मंदिर चौराहे पर भाजपा नेता सागर प्रदीप दुबे , जीतू दुबे व उनके साथियों द्वारा उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद इटावा देवर्षि द्विवेदी व जिला मंत्री रणवीर चौहान ने उनको पगड़ी पहनाकर पटका डालते हुए हित चिंतक अभियान 2022 का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। कार्यक्रम में प्रांत समरसता प्रमुख विनय चौबे तथा प्रांत मठ मंदिर प्रमुख अवधेश भदोरिया भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला ,प्रशासनिक अधिकारी से रिटायर तथा मार्गदर्शक सदस्य चौधरी विवेक सचान , मार्गदर्शक मंडल सदस्य आदरणीय जगदीश सिंह यादव , जिला संगठन मंत्री अभिषेक , जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र मिश्रा ,जिला उपाध्यक्ष डॉ आर बी भदोरिया , जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र पोरवाल , महिला जिला उपाध्यक्ष बहन बीना , कोषाध्यक्ष धीरज अग्निहोत्री , सह मंत्री दीपू त्रिपाठी , तथा सह मंत्री संतोष शर्मा , बजरंग दल जिला संयोजक कुश त्रिपाठी ,बजरंग दल सहसंयोजक राजा पांडे , मातृशक्ति जिला सह संयोजिका बहन अनीता , धर्म प्रसार प्रमुख धर्मवीर ,सत्संग प्रमुख सर्वेश , भरथना प्रखंड अध्यक्ष सुनील त्रिपाठी , प्रखंड मंत्री बृजेंद्र शुक्ला , महेवा प्रखंड अध्यक्ष अजय अवस्थी , प्रखंड मंत्री लक्ष्मीकांत बाथम, बढ़पुरा प्रखंड अध्यक्ष मूलचंद राठौर , जसवंत नगर नगर प्रखंड अध्यक्ष मनोज आदि सहित जनपद के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे । बैठक का संचालन जिला सह मंत्री संतोष शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता गगन चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

## यातायात माह के चलते कमिश्नरेट व यातायात पुलिस ने किया बच्चों को जागरूक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ. यातायात माह के चलते लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने यातायात पुलिस के साथ सड़क सुरक्षा का संयुक्त अभियान चलाया। इसके अर्न्तगत सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करने क लिये राजाजीपुरम् स्थित लखनऊ पब्लिक कालेज के छात्रों के साथ एक रैली निकाली। सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस0 चनप्पा ने हरी झन्डी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली में एसीपी पश्चिम सुनील शर्मा, इन्स्पेक्टर तालकटोरा सहित ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों ने सड़क सुरक्षा के नियमों के पोस्टर हाथों में लेकर लोगों से सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन करने के साथ ही बच्चों के भविष्य के लिये वाहन चलाते समय




हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने की मार्मिक अपील भी की। वही डीसीपी पश्चिम ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करते हुये नियमों के पालन करने का संदेश दिया और सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन करने की शपथ दिलायी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## योगाचार्य कृष्ण देव मिश्रा ने खेल में प्राणायाम को उपयोगी बताया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कैंट परिसर में स्थित माध्यमिक विद्यालय इंटर कॉलेज आर ए बाजार में बच्चों संग शिक्षक सभी ने




वॉलीबॉल मैदान का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। प्रिंसिपल पूनम प्राइमरी स्कूल एवं योगाचार्य कृष्ण देव तिवारी ने उद्घाटन किया। बच्चों को खेल के द्वारा आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। योग गुरु कृष्ण दत्त मिश्रा ने प्राणायाम के मूल रहस्य को बताते हुए खेल में प्राणायाम को उपयोग करने के टिप्स दिए।

## सद्भाव दौड़ को कुलपति ने दिखाई हरी झंडी

शाहगंज/जौनपुर। पत्रकार– धनन्जय विश्वकर्मा : भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव प्रकोष्ठ एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान से सात दिवसीय राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में सद्भाव दौड़ का आयोजन किया गया है। यह दौड़ सरदार पटेल प्रतिमा से शुरू होकर एकलव्य स्टेडियम होते हुए व्यवसाय प्रबंधन संकाय पर समाप्त हुआ। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने सद्भाव दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी धर्मों का उद्देश्य एक ही है। सभी धर्मों का मूल तत्व इंसानियत है। लोगों को एक दूसरे के धर्मों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। छात्रों को मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरिजाघर आदि में भी जाना चाहिए। इन सभी धार्मिक स्थल पर सुख शांति की अनुभूति होती है। सभी धर्म ग्रन्थ मानवता की बात करते है। विविधता में एकता ही सांप्रदायिक सद्भाव के मूल मंत्र है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. मुराद अली ने कहा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए लोगों को एक दूसरे के धर्म, भाषा, संस्कृति आदि से जागरूक होना चाहिए। उन्होंने छात्रों से अपील किया कि वे सांप्रदायिक सद्भाव सप्ताह में बढ़ चढ़कर के अनेक प्रतियोगिता में भाग ले। कार्यक्रम का संचालन प्रांकुर शुक्ला एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सैफुल हक ने किया। इस अवसर पर प्रो मानस पांडेय, प्रो. वी. डी. शर्मा, सहायक कुलसाचिव अजीत सिंह, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय राठौर, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ सुधीर उपाध्याय, डॉ. एस.पी. तिवारी, डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्या, डॉ दिनेश कन्नौजिया, मोहम्मद शहाबुद्दीन, अभिनव श्रीवास्तव, अनुपम कुमार आदि उपस्थित थे।





facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अपनीं कमजोरियां पुरुषार्थ को कठिन बना देती हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# भाषा–संस्कृति के जरिये सियासी पैठ

तमिलनाडु के मतदाता मुफ्त उपहार, ईंधन की कीमतों में कमी, हर महिला के लिए 1,000 रुपये और द्रमुक के कई अन्य चुनावी वादों को पूरा न करने के चलते ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। स्टालिन ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि केंद्र द्वारा जीएसटी फंड जारी न करने के कारण वह ऐसे वादों को पूरा करने में असमर्थ हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काशी तमिल संगमम तमिलनाडु की राजनीति में प्रवेश का साहसिक कदम है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के बहुत आक्रामक भाषणों से तमिलनाडु में विवाद पैदा हो गया, जिसमें कहा गया कि भगवान शिव के मुख से जो दो भाषाएं निकलीं, वे संस्कृत और तमिल थीं। काशी की घटना ने द्रमुक को झकझोर कर रख दिया है। भाजपा बहुत आक्रामक तरीके से तमिल सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रही है, जिसने द्रमुक सहयोगियों को मुश्किल में डाल दिया है।

बनारस में नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए काशी तमिल संगमम का हजारों किलोमीटर दूर तमिलनाडु की राजनीति पर खासा प्रभाव पड़ा है। उस समारोह में मोदी के भाषण ने हिंदुत्व की भावनाओं को जगाया, क्योंकि उन्होंने तमिल महाकाव्यों का उल्लेख किया। यह संगमम आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हुआ। तमिलनाडु के विभिन्न पीठों के 15 महंत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठे थे। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने इन महंतों के आगे माथा टेका। ये वीडियो और तस्वीरें तमिलनाडु में वायरल हो गईं।

इसके अलावा, तमिलनाडु के सभी जिलों से 2,500 स्कूल/कॉलेज के छात्र आईआईटी, मद्रास और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सहयोग से तीन विशेष ट्रेनों में बनारस पहुंचे। बॉलीवुड संगीतकार इलैयाराजा ने रुद्रम से छंद लेकर आर्केस्ट्रा का प्रदर्शन किया। बनारस के इस समारोह और प्रधानमंत्री मोदी के भाषण को सभी तमिल न्यूज चौनलों ने लाइव प्रसारित किया। अलग–अलग राज्यों के लिए भाजपा अलग–अलग रणनीति अपनाती है।

उत्तर प्रदेश में राजनीतिक रूप से निपटने के लिए उसने बुलडोजर चलवा दिया, तो महाराष्ट्र, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल किया। झारखंड के लिए इसने अलग तरीका अपनाया। तेलंगाना में भाजपा तेलंगाना राष्ट्र समिति के प्रमुख के चंद्रशेखर राव पर हमलावर हो गई। लेकिन तमिलनाडु में पैठ बनाने के लिए भाजपा और उसके नेताओं ने तमिल भाषा और संस्कृति को अपनाया। और इसका लाभ भी भाजपा को मिल रहा है।

भाजपा की 'दक्षिण की ओर देखो' नीति आक्रामक होने वाली है, क्योंकि हैदराबाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लिए गए फैसले भी लाभ दे रहे हैं। दूसरी ओर, भाजपा विरोधियों की स्थिति तमिलनाडु में बहुत ही निराशाजनक दिखाई देती है। जैसे कि द्रमुक आंतरिक कलह में फंसी है और उसके हर नेता अलग–अलग विचार प्रकट कर रहे हैं, जिनसे तमिल राजनीति भ्रमित हो रही है। छह महीनों में मोदी ने चार बार तमिलनाडु का दौरा किया है। अमित शाह दक्षिणी राज्यों के किसी भी दौरे में तमिलनाडु के किसी एक जिले में जरूर जाते हैं।

45 केंद्रीय मंत्री तमिलनाडु के एक से दूसरे जिले का दौरा कर रहे हैं। वर्ष 2019 में भाजपा ने पूर्वी राज्यों की तरफ ध्यान केंद्रित किया, तो वहां से उसे 25 सांसद मिले। वर्ष 2024 के लिए भाजपा दक्षिणी राज्यों को लेकर उत्सुक है। इसी वजह से भाजपा के केंद्रीय मंत्री तमिलनाडु में घूम रहे हैं। तमिलनाडु की राजनीति अब एक दिलचस्प मोड़ ले रही है और एक दूसरे के खिलाफ तीखी आलोचनाएं की जा रही हैं। कभी मोदी को काले झंडे दिखाए गए थे, लेकिन अब वह स्थिति नहीं है।

अन्नाद्रमुक गुटबाजी और कानूनी मुद्दों को लेकर गहरे संकट में फंसी है। जयललिता के बाद उनकी पार्टी तीन या चार खेमों में बंट भी गई है। अन्नाद्रमुक की तुलना शिवसेना से की जा सकती है, जिसके दोनों गुट चुनाव चिह्न के लिए लड़ रहे हैं। एमजीआर और जयललिता का प्रिय चुनाव चिह्न दो पत्तियां था। पार्टी के विभिन्न गुट इस चुनाव चिह्न पर दावा कर रहे हैं, जिससे इस चुनाव चिह्न का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। शिवसेना और अन्नाद्रमुक, दोनों चुनाव आयोग से राहत चाहती हैं।

कहने की जरूरत नहीं कि भाजपा द्वारा इन दोनों दलों की कलाई मरोड़ने की अनदेखी नहीं की जा सकती। यदि विपक्षी दलों की राजनीति निराशाजनक है, तो तमिलनाडु में सत्ताधारी दल द्रमुक की राजनीति भी बेकार है। एमके स्टालिन और दुरई मुरगन के बयान चौंकाने वाले हैं। द्रमुक महासचिव दुरई मुरुगन ने एक सार्वजनिक बैठक में स्वीकार किया कि तमिलनाडु में भाजपा की बढ़ती पैठ द्रविड़ संस्कृति के लिए अच्छी बात नहीं है। द्रमुक वंशवाद के मुद्दों से जूझ रही है।

इसके नेता स्टालिन का कहना है कि उन्हें नींद नहीं आती, क्योंकि पार्टी के नेता अलग–अलग विचार व्यक्त करते हैं और द्रमुक दिग्गजों के बीच व्यक्तित्व संघर्ष जारी है। स्टालिन ने द्रमुक कैडरों को अपने नाजुक स्वास्थ्य के बारे में भी बताया। उनके इस बयान से द्रमुक सहयोगियों में कोई अच्छा संदेश नहीं गया। द्रमुक के वरिष्ठ मंत्री उपेक्षित महसूस करते हैं। स्टालिन के बेटे का प्रभाव युवा मंत्रियों पर ज्यादा है। धीरे–धीरे स्टालिन अपने पुत्र उदयनिधि को पार्टी के साथ सरकार में भी शामिल कर रहे हैं, जिससे पुराने नेताओं में बहुत ज्यादा असंतोष है।

2024 का लोकसभा चुनाव और 2026 का विधानसभा चुनाव द्रमुक के लिए परीक्षा की घड़ी होंगे। भाजपा ने तमिल संस्कृति, तमिल भाषा और तमिल पहुंच को प्रेरित करने के लिए द्रमुक शैली की रणनीति तैयार कर तीन कोणों से द्रमुक को घेर लिया है। भाजपा ने द्रमुक से तमिल छीनकर तमिल भाषा को अपने पाले में कर लिया है। इसने स्टालिन के तीन प्रमुख सहयोगी दलों–वीसीके, सीपीएम और कांग्रेस को झकझोर दिया है। द्रमुक सहयोगी चाहते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा की पैठ पर अंकुश लगाया जाए।

तमिलनाडु के मतदाता मुफ्त उपहार, ईंधन की कीमतों में कमी, हर महिला के लिए 1,000 रुपये और द्रमुक के कई अन्य चुनावी वादों को पूरा न करने के चलते ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। स्टालिन ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि केंद्र द्वारा जीएसटी फंड जारी न करने के कारण वह ऐसे वादों को पूरा करने में असमर्थ हैं। जयललिता और करुणानिधि जैसे दिग्गज अब तमिल राजनीति में नहीं हैं। आध्यात्मिक राजनीति से रजनीकांत ने संन्यास ले लिया है, तो कमल हासन राजनीति में उड़ान भरने में सक्षम नहीं हैं। यही वजह है कि भाजपा राज्य की राजनीति में खाली जगह को भरना चाहती है। चाहे आप जिस भी तरफ से देखें, भाजपा के लिए सब कुछ ठीक और फायदेमंद है। उसकी 'दक्षिण की ओर देखो' नीति चमक रही है।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

## लखनऊ पब्लिक कालेज की गोमती नगर व आम्रपाली शाखा में वार्षिक समारोह संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ पब्लिक कॉलेज, की विनम्र खण्ड, गोमतीनगर एवं आम्रपाली योजना शाखाओं के अपने–अपने परिसर में वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गोमतीनगर शाखा में डॉ अजय कुमार वर्मा, प्रोफेसर रेस्पिरेट्री मेडिसिन, किंग जॉर्ज विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि के रूप में एवं आम्रपाली शाखा में पुलिस हेडक्वार्टर के अपर पुलिस अधीक्षक राहुल मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वार्षिक समारोह का शुभारंभ परम्परागत रूप से दीप प्रज्जवलन से किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत लखनऊ पब्लिक कालेज समूह के महा प्रबन्धक डा0 एस0पी0 सिंह ने अंग वस्त्र, बुके व स्मृति चिह्न प्रदान करके किया। इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक विरासत और देश प्रेम की थीम पर एक से बढ़कर एक विभिन्न प्रस्तुतियों की झड़ी लगा दी। बच्चों की प्रस्तुतियों से उपस्थित



सभी लोग मंत्र मुग्ध हो गयें। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं एवं विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगी प्रतियोगिताओं में चयनित छात्रों को विशेष रुप से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक डॉ एस पी सिंह के साथ निदेशक नेहा सिंह एवं हर्षित सिंह, निदेशक गरिमा सिंह, प्रधानाचार्य अनिता चौधरी, कहकशां अरबी, के के शर्मा, डॉ ऋतु सिंह, समाजसेवी के के वर्मा, आदि उपस्थित थें। साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावकगण, शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सफल रहे बच्चों को किया गया पुरस्कृत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर शाहाबाद के एसडी जनता इंटर कालेज में एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 6 से 12 तक के 168 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता विजेताओं को स्कूल प्रबंधक सत्यवीर शुक्ला, प्रिंसिपल पूनम शुक्ला ने शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सत्यवीर शुक्ला ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से बहुत प्यार था, वो बच्चों को भारत का भविष्य कहते थे। चाचा नेहरू की इसी भावना से प्रेरित होकर स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया ताकि भारत का भविष्य ज्ञान एवं कौशल से परिपूर्ण हो। प्रबंधक सत्यवीर शुक्ला ने प्रतियोगिता ने अच्छे नम्बर प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कक्षा 6 के प्रणव शुक्ला ने प्रथम, कक्षा 7 के अंकित कुमार ने प्रथम, अनुष्का तिवारी ने द्वितीय, अर्शलन ने तृतीय, कक्षा 8 के रितिक तिवारी ने प्रथम, अनुभव मिश्रा ने द्वितीय, सुशांत शुक्ला, हिंमाशु, अनुष्का यादव ने तृतीय, कक्षा 9 के सुमित कुमार ने प्रथम, शिवम ने



द्वितीय, रमन बाबू ने तृतीय, कक्षा 10 के सूरज तिवारी ने प्रथम, आदि वर्मा ने द्वितीय, कोमल शुक्ला ने तृतीय, कक्षा 11 के अंशुल पाल ने प्रथम, उत्कर्ष पाठक ने द्वितीय, अनुज कुमार, कक्षा 12 के अमित सिंह ने प्रथम, सुमित त्रिपाठी ने द्वितीय, आयुष मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किए जिनको शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वही शेष सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधक सत्यवीर शुक्ला, प्रिंसिपल पूनम शुक्ला, एचओडी संजीव तिवारी, शिक्षक मनीष अवस्थी, रोहित कुमार, रामप्रताप, हरिओम द्विवेदी, यदुवीर सिंह, जुबैर खां, आकांक्षा वर्मा, रूचि देवल, आरती पाठक, रेनू कुशवाहा, शोभा शुक्ला, अनामिका सिंह, आर्कषिका मिश्रा, खालिदा परवीन, आयुषी मिश्रा, अराग्या बाजपेई आदि सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## बीमारियों से बचाव हेतु इंडियन रेड क्रास सोसाइटी द्वारा मच्छरदानी ऑल आउट मॉस्क्यूटो क्वायल व साबुन वितरित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – वायरल बुखार, डेंगू, चिकनगुनिया आदि बिमारियों से बचाव हेतु जिलाधिकारी लखनऊ के निर्देशानुसार इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ के द्वारा मेंहदी टोला व आसपास झोपड़पट्टियों में रहने वाले 200 गरीब परिवारों को मच्छरदानी, ऑल आउट मॉस्क्यूटो क्वायल व साबुन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ शाखा के अध्यक्ष ओ पी पाठक, सचिव अमरनाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य ऋतुराज रस्तोगी, रूप कुमार शर्मा, जी एस सेठी, सिविल डिफेंस की उप नियंत्रक अनीता प्रताप, सहायक उप नियंत्रक ऋषि कुमार, मनोज वर्मा, ममता रानी तथा कार्यालय सचिव शिवाकांत मिश्रा ने भी मच्छरदानी, ऑल आउट मॉस्क्यूटो क्वायल व साबुन का वितरण किया। पात्र परिवारों का चयन सिविल डिफेंस के डिप्टी डिवीजनल



वार्डन राकेश मिश्रा तथा उनकी टीम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी के सचिव अमरनाथ मिश्र ने बताया गया कि झोपड़पट्टियों में रहने वाले गरीब परिवारों को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा जगह–जगह पर मच्छरदानी, मॉस्क्यूटो क्वायल तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के साथ साबुन भी वितरित किया जा रहा है और आगे भी जरूरतमंद लोगों को कैंप लगाकर वितरित किया जाएगा।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष के अध्यक्षता में पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 मुलायम सिंह यादव की मनाई गई जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री स्वं मुलायम सिंह यादव (नेताजी) की जयंती जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव के अध्यक्षता में मनाई गई इस मौके पर नेताजी के चित्र पर पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया वहीं जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया तथा वृद्धा आश्रम में भी वृद्धों का सम्मान और फल वितरण का आयोजन किया गया सपा जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने उनके जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि नेताजी समाजवादी आंदोलन के चिंतक और समाजवादी सोच के लिए ही समाज में जाने जाते है वह सभी वर्गों के सम्मान की लडाई जीवन भर लड़ते रहे उनकी सोच हमेशा गरीब लोगों को न्याय दिलाना तथा हर गरीब परिवार को रोटी ,कपड़ा ,मकान, शिक्षा ,इलाज मुफ्त हो और जब जब सरकार में आये तब गरीबों का उद्धार करने का काम किया आज उनकी कमी सभी को महसूस हो रही है नेता जी जब रक्षा मंत्री रहे तब उन्होंने एक बडा काम किया की सरहद पर शदीद



हुए सैनिक के पार्थिक शरीर उनके घर वालों तक सही सलामत लाने और उनके आश्रितो के लिए 20 लाख रुपये देने का निर्णय ऐतिहासिक रहा जो हमेशा हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज रहेगा जिसे कभी मिटाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर ,पूर्व एमएलसी लल्लन यादव, पूर्व मंत्री श्री राम यादव,दीपचंद सोनकर,राजबहादुर यादव विरेन्द्र सिंह जिला महासचिव हिसामुद्दीन शाह, उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, श्रवण जयसवाल, राजेंद्र टाईगर,राजेश यादव,पूनम मौर्या,रुक्सार अहमद,शिवप्रकाश गिरी,कमालुद्दीन अंसारी, अनवारुल हक गुड्डू, सोनी यादव, अली मंजर डेजी,तेज बहादुर मौर्या, निजामुद्दीन अंसारी, साजिद अलीम डां जंग बहादुर यादव इरशाद मंसूरी जगदीश प्रसाद मौर्या गप्पू, अलमाश सिद्दीकी दिनेश फौजी,सहित तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सत्यम शिवम् सुंदरम की परिकल्पना समाज के लिए कल्याणकारी – डॉ अशोक बाजपेई

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : रफी अहमद किदवाई इण्टर कालेज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ अशोक वाजपेयी एवं विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक बी० के० दुबे एवं प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। पुरस्कार पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। इस मौके पर कालेज के बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दर्शकों द्वारा काफी सराही गयी। सांसद डॉ० वाजपेयी ने कहा यह विद्यालय शिक्षा एवं अनुशासन के क्षेत्र में जनपद में अलग पहचान बनाये हुये है। यहाँ के शिक्षक पूरे समर्पण व मनोभाव से बच्चों को शिक्षित और संस्कारित कर रहे है। उन्होंने यहाँ के शिक्षकों की सराहना करते हुये कहा कि वे शैक्षिक मूल्यों के साथ काम कर रहे है। उन्होने विद्यालय निर्माण में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि डी० आई० ओ० एस० श्री दुबे ने कहा कि साल भर होने वाले कालेज के क्रिया कलापों का दर्पण ही वार्षिकोत्सव की सफलता प्रदर्शित करता है। रफी अहमद इण्टर कालेज का जिले में अपना गौरवशाली इतिहास रहा है कि यहाँ के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम अदभुत रहे है। उन्होने सत्यम् शिवम् सुन्दरम् की परिकल्पना को समाज के लिये कल्याणकारी बताया। उन्होने शिक्षकों की प्रशंसा करते हुये कहा कि शिक्षक हमारे राष्ट्र निर्माता है। जो राष्ट्र निर्माण में योगदान देकर देश व समाज को अच्छा नागरिक बनाने का कार्य कर रहे है। और इस कार्य में शिक्षकों को लगाये रखने के लिये उन्होंने कालेज प्रबन्ध समिति की सराहना की। कालेज के पूर्व प्रबन्धक एवं भवन निर्माण समिति के मुख्य संयोजक अरुणेश वाजपेयी ने कहा अब कालेज अपनी दान से प्राप्त नवीन भूमि पर भवन निर्माण में प्रयासरत है। भूतल भाग एक करोड़ दस लाख की लागत से बन



चुका है। तीन करोड़ से अधिक की धनराशि जन सहयोग से प्राप्त करके तीन मंजिल भवन बनवाने का लक्ष्य है और इस लक्ष्य को जनसहयोग से ही प्राप्त करना है। प्रधानाचार्य डॉ० अमित कुमार वर्मा ने प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुये पाँच लाख से ऊपर धनराशि दान देने वाले दान दाताओं के प्रति आभार जताया। प्रबन्धक सुयश वाजपेयी ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का मार्ल्यापण व साल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता प्रबन्ध समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ० नरेश चन्द्र शुक्ल ने की. संचालन डॉ० देश दीपक शुक्ल ने किया उपप्रधानाचार्य ज्ञानेन्द्र जयंत ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। सरस्वती वंदना व स्वागत गीत अंशुल द्विवेदी. सूरज कश्यप, दीपक, तनिष्क ने प्रस्तुत किया। अर्पित सिंह और हिमांशू वाजपेयी द्वारा प्रस्तुत राधा कृष्ण लोकगीत पर खूब तालियाँ बजी। अमन गुप्ता एवं आयुष सोनी द्वारा शिव पार्वती नृत्य एवं शिव वंदना और राजस्थानी लोकनृत्य की प्रस्तुति पर पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राम नंदनी तिवारी, रामेन्द्र सिंह, ऋषि तिवारी, ऋषभ राज अकवंशी, भावना शर्मा का विशेष सहयोग रहा। असद अली फारूकी पढाई पुरस्कार एवं स्व० श्रीमती ऊषा रानी गुप्ता स्मृति मेधावी पुरस्कार भी अतिथियों द्वारा बच्चों को प्रदान किये गये।

## प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला एवं विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मत्स्य विभाग, उ0प्र0 द्वारा विश्व मात्स्यिकी दिवस दिनांक 21 नवम्बर, 2022 के अवसर पर राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंषिक संसाधान ब्यूरो, तेलीबाग, लखनऊ में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत एक दिवसीय प्रषिक्षण/कार्यषाला/विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रषान्त शर्मा, निदेषक मत्स्य द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि डा0 संजय कुमार निषाद मत्स्य मंत्री, रमाकान्त निषाद सभापति, उ0प्र0 मत्स्य जीवी सहकारी संघ लि0, अपर मुख्य सचिव एवं कार्यक्रम अध्यक्ष, उ0प्र0 शासन डा0 रजनीष दुबे, निदेषक एन0बी0एफ0जी0आर0, एवं अन्य अधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा0 संजय कुमार निषाद, मत्स्य मंत्री , उ0प्र0 सरकार द्वारा किया गया तथा प्रांगण में आयोजित प्रदर्षनी का भी उद्घाटन किया गया जिसमें मात्स्यिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली विभिन्न कम्पनियों द्वारा लगाई गई स्टाल यथा मत्स्य पूरक आहार, आर0ए0एस0, बायोफ्लाक, ऐरेटर, मत्स्य पालन में उपयोग होने वाली दवाईयां, जाल आदि का प्रदर्षन किया गया। एन0एस0 रहमानी, संयुक्त निदेषक मत्स्य एवं पुनीत कुमार, उप निदेषक मत्स्य द्वारा मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत संचालित परियोजनाओं यथा निजी भूमि तालाब निर्माण, बैकयार्ड आर0ए0एस0, इन्सूलेटेड वैन, मोटरसाइकिल विद आइसबाक्स, साइकिल विद आइसबाक्स आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही साथ मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट योजना, मछुआ कल्याण फण्ड, मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद लखनऊ, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, हरदोई, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, अम्बेडकर नगर, अमेठी एवं सुल्तानपुर के मत्स्य व्यवसाय से जुड़े हुए लगभग 600 मत्स्य पालकों/उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मात्स्यिकी से सम्बन्धित 18 स्टॉल लगाये गये जिसमें मुख्यतः मत्स्य पूरक आहार, बायोफ्लाक, एक्वेरियम, नौका आदि से सम्बन्धित प्रमुख कम्पनियों ने प्रतिभाग किया जिसका उपस्थित मत्स्य पालकों ने अवलोकन करते हुए आर0ए0एस0 एवं बायोफ्लाक के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा0 संजय कुमार निषाद, मत्स्य मंत्री द्वारा मत्स्य पालकों को बताया गया कि अब तक



प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में अनुदान लेने हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु लगभग 75 हजार आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया है जिसमें से लगभग 16 हजार आवेदकों को नियमानुसार अनुदान का लाभ दिया जायेगा। मत्स्य पालकों से कहा गया कि वह प्रदर्षनी का लाभ उठाये तथा अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों से अपने शंका समाधान भी कर लें। मंत्री जी ने बताया कि मात्स्यिकी के क्षेत्र में राजस्व की बढ़ोत्तरी होगी तथा अधिकाधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मत्स्य पालन को तकनीकी रूप से करने का समय है अतः समस्त मत्स्य पालक एन0बी0एफ0जी0आर0, संस्थान के वैज्ञानिकों से समन्वय स्थापित कर तकनीकी रूप से मत्स्य पालन करें तथा मछलियों के आधार कार्ड जिसे फिष टैगिंग कहा जाता है कि भी जानकारी प्राप्त करें। मत्स्य व्यवसाय से जुड़कर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने एवं आर्थिक उन्नति हेतु लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में वीरू साहनी, सभापति, उ0प्र0 मत्स्य जीवी सहकारी संघ लि0 एवं रमाकान्त निषाद, अध्यक्ष, उ0प्र0 मत्स्य विकास निगम लि0 द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। डा0 रजनीष दुबे, अपर मुख्य सचिव, मत्स्य, उ0प्र0 शासन द्वारा समस्त मत्स्य पालकों को विष्व मात्स्यिकी दिवस की बधाई दी तथा मत्स्य पालन में तकनीकी रूप से कार्य करने के प्रेरित किया तथा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में विभिन्न परियोजनाओं में लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। प्रशान्त शर्मा, निदेषक मत्स्य द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में उद्यमी के तरीके से कार्य करने के लिए मत्स्य पालकों को प्रेरित किया। निदेषक एन0बी0एफ0जी0आर0 एवं प्रोफेसर डा0 सिराजुद्दीन विभागाध्यक्ष जन्तु विज्ञान विभाग, लखनऊ विष्वविद्यालय द्वारा मत्स्य पालन से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी दी गयी। श्रीमती मोनिषा सिंह, प्रबन्ध निदेषक, उ0प्र0 मत्स्य जीवी सहकारी संघ लि0, विजय शंकर चौरसिया, उप निदेषक मत्स्य, एजाज अहमद नकवी, मुख्य महाप्रबन्धक, उ0प्र0 मत्स्य विकास निगम लि0 एवं एन0बी0एफ0जी0आर0 के वैज्ञानिक डा0 राघवेन्द्र एवं अन्य वैज्ञानिकों द्वारा भी तकनीकी जानकारी दी गई। मा0 मंत्री जी द्वारा मत्स्य व्यवसाय से जुड़े 30 मत्स्य पालकों/उद्यमियों को मत्स्य विकास के क्षेत्र में सराहनीय योगदान हेतु प्रषस्ति पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। मा0 मंत्री जी द्वारा 40 मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं 110 मत्स्य पालकों को मछुआ दुर्घटना बीमा प्रमाण–पत्र भी वितरित किया गया। प्रदर्षनी में लगी तीन सबसे अच्छी स्टाल एस0आर0 विज्ञान को प्रथम पुरुस्कार, आर0एस0 पालिमर को द्वितीय पुरुस्कार तथा मेहरोत्रा एक्वेरियम को तृतीय पुरुस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्रषान्त शर्मा, निदेषक मत्स्य तथा एन0एस0 रहमानी संयुक्त निदेषक मत्स्य द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए मा0 मंत्री जी एवं अन्य सभी अधिकारियों, अतिथियों तथा मत्स्य व्यवसाय से जुड़े मत्स्य पालकों/उद्यमियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# युवा पीढ़ी अपनी समृद्ध विरासत पर करें गर्व– प्रो. निर्मला एस मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को आजादी के अमृत महोत्सव में विश्व विरासत सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रम हुए. कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य के साथ शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने मुख्य द्वार पर स्थित अशोक स्तम्भ पर देश की विरासतों को सुरक्षित रखने संकल्प लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने कहा कि इस विश्वविद्यालय ने देश की विरासतों से समाज को जोड़े रखने में अपना अभिन्न योगदान दिया है. विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार का हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक अशोक स्तम्भ इस वर्ष स्थापित किया गया है. वहीं भव्य तिरंगा झंडा युवाओं में निरंतर देश भक्ति की भावना जागृत कर रहा है. राष्ट्र की आत्मा विरासतों में ही बसती है.उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व करें और संरक्षित करने में अपना योगदान दे. कुलसचिव महेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व संकाय भवन के कांफ्रेंस हाल में हमारी संस्कृति हमारी विरासत कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत की



संस्कृति बहुत ही समृद्ध रही है. इसी क्रम में जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि दुनिया में सबसे प्राचीन धरोहरों में हमारी पांडुलिपियाँ,वास्तुकला, मूर्तिकला, सांस्कृतिक परिवेश, बौद्धिक सम्पदा सबसे ऊँचे पायदान पर है. उन्होंने कहा कि आज हमें पूर्वांचल की समृद्ध विरासत मातृभाषा अवधी एवं भोजपुरी को भी संरक्षित और समृद्ध करने की जरूरत है। डॉ. मनोज पाण्डेय द्वारा चलचित्र के माध्यम से भारत की प्रमुख धरोहरों और उसके ऐतिहासिक, सामाजिक महत्व के बारे में बताया गया. कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव एवं संचालन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया. इस अवसर पर प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो देवराज, प्रो राजेश शर्मा, प्रो. मुराद अली, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ गिरिधर मिश्र, डॉ चन्दन सिंह, डॉ पुनीत धवन, अन्नू त्यागी,डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम ने एक नाजायज चाकू के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त भरत कुमार विश्वकर्मा पुत्र नखडू उर्फ विपत राम विश्वकर्मा ग्राम ईशापुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को कीर्ती कुन्ज से सटे हैदरपुर जाने वाले मार्ग के पास पर नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–366 / 22 धारा–4 / 25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । अभियुक्त का विवरण– 1.भरत कुमार विश्वकर्मा पुत्र नखडू उर्फ विपत राम विश्वकर्मा ग्राम ईशापुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण–1.एक नाजायज चाकू आपराधिक इतिहास–1.मु0अ0स0–366 / 22 धारा–4 / 25 आमर्स एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्य–1.उ0नि0 श्री शिव प्रसाद बिन्द थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर ।2.हे0का0 महेन्द्र यादव थाना सरायख्वाजा जनदप जौनपुर। 3.का0 बृजनन्दन थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर।

# अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाया गया वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी का अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध / अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में वांछित / वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत समस्त क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 04 वांरटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न है– 1.थाना मुगराबादशाहपुर टीम द्वारा वारण्ट मु0 नं0–904 / 22 धारा 323 / 504 / 506 भादवि थाना मुगराबागदशाहपुर जौनपुर से सम्बन्धित एक नफर अभियुक्त राजबहादुर पुत्र हरखु हरिजन निवासी गरियाँव थाना मुगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर को घर के बाहर से गिरफ्तार कर थाना हाजा लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय भेजा गया। 2.थाना पवारा पुलिस टीम द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त अतुल कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी पवारा सम्बन्धित मु0नं0 118 / 22 धारा 323 / 504 भा0द0वि0 को ग्राम पवारा से गिरफ्तार किया गया। थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया। 3.थाना तेजी बाजार पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त धर्मेंद्र सिंह उर्फ सोनू सिंह पुत्र शिव प्रताप सिंह निवासी बरईपार पुरानी बाजार थाना तेजी बाजार जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया। 4. थाना लाइन बाजार पुलिस टीम द्वारा मु0नं0–1440 / 19 धारा–138 NI Act का बिना जमानती वारंट के वारंटी रामवृक्ष पुत्र रखन्तीराम निवासी खजुरिया (महुवापार) थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ को घर से गिरफ्तार किया गया। थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

## 13 वर्ष की कैद 7 हजार रुपए जुर्माना का कोर्ट ने सुनाया फैसला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चन्दवक थाना क्षेत्र अंतर्गत जघन्य / महिलाओं के विरूद्ध अभियोग में मानिटरिंग सेल जौनपुर की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपी को विभिन्न धाराओं में कुल मिलाकर 13 वर्ष के साधारण कारावास की सजा एवं मु0–7,000 / – रूपए के जुर्माने से दण्डित किया गया। दिनांक 10.10. 2015 को वादी शियाराम यादव पुत्र स्व0 विश्वनाथ यादव नि0 कैथी थाना चन्दवक जौनपुर की लिखित तहरीर पर थाना चन्दवक पर मु0अ0सं0–1030 / 2015 धारा–498ए ,304बी भा0द0वि0 व ¾ डीपी एक्ट का मुकदमा पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। अपराध पर नियंत्रण लगाने व अपराधियों को अधिकाधिक दण्डित कराने हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय की कुशल निर्देशन में एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के कुशल नेतृत्व में उपर्युक्त अभियोग को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर मानिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी व सम्यक कार्यवाही की गयी, जिसके परिणामस्वरुप दिनांक 21.11.2022 अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ / ईसी एक्ट जौनपुर द्वारा अभियुक्त संजय यादव पुत्र सुधीराम यादव नि0 भुलनडीह थाना चन्दवक , जौनपुर को दोषसिद्ध आरोप अन्तर्गत धारा 498ए भा0द0वि0 में 02 वर्ष के साधारण कारावास एवं मु0–5000 / – रूपए के अर्थदण्ड से, अर्थदण्ड न देने पर अभियुक्त को 03 माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। 304 बी भा0द0वि0 के अपराध हेतु अभियुक्त संजय यादव को 10 वर्ष के साधारण कारावास से दण्डित किया गया। अपराध धारा 4 डीपी एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त संजय यादव को 01 वर्ष के साधारण कारावास व मु0–2,000–रुपये के अर्थदण्ड के से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को 01 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भोगना होगा। सभी सजाए साथ–साथ चलेंगी।

# ट्रैक्टर सहित कुए में गिरने से युवक की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मड़ियाहूं कोतवाली थाना अंतर्गत सोमवार सुबह बारी गांव नेवादा में कल्लू उर्फ मोनू बेनवंशी पुत्र बलवंत बेनवांशी निवासी नेवादा द्वितीय, मड़ियाहूं, जौनपुर उम्र करीब 17 वर्ष द्वारा ट्रैक्टर जिसमे हल लगा हुआ था, बैक करते समय प्रेमचंद तिवारी पुत्र श्री नाथ तिवारी के कुआं में चालक सहित अनियंत्रित होकर अंदर चला गया ,साथ में एक लड़का अंकित हरिजन पुत्र अच्छेलाल हरिजन निवासी उपरोक्त उम्र करीब 16 वर्ष जो मौके पर ट्रैक्टर को बैक करा रहा था,बच गया। जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया था। ट्रैक्टर तथा चालक मोनू उपरोक्त को प्रभारी निरीक्षक मड़ियाहूं मय पुलिस फोर्स व फायर ब्रिगेड तथा जेसीबी की मदद से कुंआ से बाहर निकालने के लिए ग्रामीणों के मदद से रेस्क्यू एनडीआरएफ टीम की मदद से मृतक कल्लू बेनवंशी पुत्र बलवंत बेनवंशी निवासी ग्राम नेवादा द्वितीय मड़ियाहूं उम्र करीब 17 वर्ष का शव तथा कूवें में गिरा ट्रैक्टर निकाल लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कंप्यूटर संचालन पर फायरिंग के मामले पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के डेरायुसुफ बाजार में रविवार की रात करीब 10 बजे कंप्यूटर संचालक के ऊपर फायरिंग के मामले पर पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। और मामले की छानबीन शुरू कर दी है ।फायरिंग करने वाले बदमाशों की सीसी फुटेज के आधार पर तलाश कर रही है । जानकारी के अनुसार डेरायुशुफ बाजार में कंप्यूटर संचालक प्रदीप चन्द्र मौर्य कंप्यूटर की दुकान बंद कर के ताल्लुकदार मिश्र की दुकान पर चाय पीने के लिए पहुंचे। वहां से जैसे ही वह मोटरसाइकिल पर घर जाने के लिए बैठे । उसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने गाली देते हुए लक्ष्य कर दो फायरिंग किए। हालांकि वह बाल–बाल बच गए ।बचाव के लिए भागे। गोली दीवाल में टकराई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से दो खाली कारतूस बरामद भी किए ।पीड़ित प्रदीप चंद मोर्य के तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है ।उधर फायरिंग की घटना से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है । पुलिस आसपास के लगे कई सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है। फायरिंग के मामले पर जांच पड़ताल में जुट गई।

# थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम द्वारा तमंचा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अध



ीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कि एक व्यक्ति कुत्तुपुर तिराहा पर नाजायज असलहे के साथ किसी वारदात को अन्जाम देने के लिए खडा है इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त हिमान्शु कुमार अग्रहरि पुत्र श्रवण कुमार अग्रहरि निवासी ईसापुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को मय एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–365 / 22 धारा–3 / 25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त का विवरण– 1. हिमान्शु कुमार अग्रहरि पुत्र श्रवण कुमार अग्रहरि निवासी ईसापुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर। गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्य– 1. श्री घनश्याम शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 2. व0उ0नि0 श्री अवधनाथ यादव थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 3.का0 सतेन्द्र शाह थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 4.का0 रमेश कुमार थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर।

# "यातायात माह नवम्बर" के तत्वाधान में प्रचार प्रसार कर किया गया जागरुकता कार्यक्रम



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 21.11.2022 को "यातायात माह नवम्बर" के तत्वाधान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जिसके क्रम में प्रचार प्रसार कर जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए वाहनों के शीशों पर काली फिल्म लगाया जाना। वाहनों के शीशों पर काली फिल्म लगाने वालों का फिल्म निकालने की कार्यवाही किया गया, व इनके दुस्परिणाम से उनको अवगत कराया गया, तथा दोषी पाये जाने पर चालान की कार्यवाही की गयी व इसके प्रति प्रचार प्रसार करते हुए वाहन चालको कों जागरूक किया गया। तथा इसके अतिरिक्त मो0 सड़क दुर्घटनाओं को कम करने हेतु निरीक्षक यातायात श्री सैयद हुसैन मुन्तजर, उपनिरीक्षक यातायात श्री शिवचंद यादव के द्वारा जनपद मुख्य मार्गों तथा सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों को उनके मालिकों व चालको व परिचालको को होने वाले दुर्घटनाओं के बारे में अवगत कराया गया, यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। वाहन चलानें वालों की चेकिंग किया गया, दोषी पाये जाने पर चालान की कार्यवाही की गयी तथा इसके प्रति प्रचार प्रसार व वाहन चालको कों जागरूक किया तथा आज दिनांक 21.11.2022 को जनपद पुलिस / यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कुल 304 चालान व 3,16,500 / – रुपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी है।

# एक आरोपी को आजीवन कारवास

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत थाना अंतर्गत जघन्य / महिलाओं के विरूद्ध अभियोग में जनपदीय पुलिस जौनपुर की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपी को आजीवन कारावास एवं मु0–1,000 / – रूपए के जुर्माने से दण्डित किया गया। दिनांक 13.06.2010 को वादी मोती लाल यादव पुत्र स्व0 जीतू नि0–सुन्धी थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ़ की लिखित तहरीर पर थाना थाना केराकत पर मु0अ0सं0 449 / 2010 धारा 498ए,304बी व 302 भा0द0वि0 का मुकदमा पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। अपराध पर नियंत्रण लगाने व अपराधियों को अधिकाधिक दण्डित कराने हेतु उपर्युक्त अभियोग को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व श्रीमान अपर पुलिस अदीक्षक नगर के कुशल नेतृत्व में जनपदीय पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी व सम्यक कार्यवाही की गयी, परिणामस्वरुप दिनांक 21.11.2022 को माननीय न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जौनपुर द्वारा अभियुक्त हरिनाथ पुत्र स्व0 राम प्रसाद नि0–बदनपुर थाना केराकत जौनपुर को दोषसिद्ध आरोप अन्तर्गत धारा 304बी / 302 के अपराध के लिए आजीवन कारावास व मु0–1,000– रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति मे अभियुक्त को धारा 302 भा0द0वि0 के अन्तर्गत अपराध के लिए 02 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

# ''विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 23वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' का घोषणापत्र किया गया जारी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 23वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' में पधारे 57 देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायविद्, कानूनविद् व अन्य प्रख्यात हस्तियों ने 'लखनऊ घोषणा पत्र के माध्यम से विश्व के सभी देशों का आह्वान किया है कि भावी पीढ़ी के हित में नई विश्व व्यवस्था बनाने हेतु एकजुट हों। चार दिनों तक चले इस महासम्मेलन के अन्तर्गत विश्व की प्रख्यात हस्तियों, न्यायविदों व कानूनविदों ने गहन चिन्तन, मनन व मन्थन के उपरान्त आज सी.एम.एस. गोमती नगर ( प्रथम कॅम्पस) ऑडिटोरियम में सर्वसम्मति से लखनऊ घोषणा पत्र जारी किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कौशल किशोर, नगरीय विकास मंत्री, भारत सरकार ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय कानून को सशक्त व प्रभावशाली होना चाहिए, जिससे कि वैश्विक समस्याओं का समाधान शान्तिपूर्वक निकाला जा सके। कोई एक देश अकेला वैश्विक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता। इसके लिए सामूहिक प्रयास व दृढ़ता की आवश्यकता है। लखनऊ घोषणा पत्र जारी करने के अवसर पर आयोजित प्रेस कान्फ्रेन्स में देश–दुनिया से पधारे न्यायविदों व कानूनविदों ने विस्तार से अपने विचार रखते हुए कहा कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य हेतु एक नवीन विश्व व्यवस्था के गठन तक हमारा प्रयास निरन्तर जारी रहेगा। इस घोषणा पत्र में विश्व के 57 देशों से पह गरे न्यायविदों व कानूनविदों ने विश्व एकता व शान्ति हेतु ठोस कदम उठाने की आवश्यकता जोर दिया है, साथ ही मूलभूत अधिकारों, सभी धर्मो का आदर करने एवं विद्यालयों में शान्ति व एकता की शिक्षा देने के लिए भी कहा गया है। प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विभिन्न देशों से पधारे न्यायविदों ने एक स्वर से कहा कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ द्वारा आयोजित यह मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन एक ऐतिहासिक सम्मेलन है, जिससे आगे की पीढियां अवश्य लाभान्वित होंगी पत्रकारों से बातचीत करते हुए न्यायविदों ने संकल्प व्यक्त किया कि वे अपने देश जाकर अपनी सरकार के सहयोग से इस मुहिम को आगे बढायेंगे जिससे विश्व के सभी नागरिकों को नवीन विश्व व्यवस्था की सौगात मिल सके और प्रभावशाली विश्व व्यवस्था कायम हो सके। लखनऊ घोषणा पत्र का विस्तृत विवरण इस प्रकार है :– यह मानते हुए कि विश्व में युद्ध और संघर्ष व्याप्त हैं, जो कि जलवायु सम्बन्धित आपातकालीन स्थिति व आर्थिक असमानता तथा कोविड की विभीशिका के पश्चात और अधिक भीषण रूप ले सकता है और जिसके कारण, इसके परमाणु युद्ध में परिवर्तित होने के खतरे और विश्व में शांति व सुरक्षा पर खतरा है, यह महसूस करते हुए कि ग्लोबल वार्मिंग व जलवायु परिवर्तन पृथ्वी पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं और इन्हें कार्यसूची में प्राथमिकता देने की आवश्यकता है, और यह कि पेरिस समझौते में तय किए गए उद्देश्यों में तेजी लाने के लिए यूएन की जलवायु कान्फ्रेन्स ने जो लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, उनमें जमीनी तौर पर कुछ खास प्रगति नहीं हुई है. और जलवायु कोष एकत्रित करने के लिए विकसित देशों के आश्वासनों को भी पूरा नहीं किया गया है। यह मानते हुए कि सतत विकास के लिए विश्व शांति आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है ताकि वैश्वीकरण के इस युग में विज्ञान, प्रौद्योगिकी व विकास के लाभ लोगों, खासतौर से सबसे गरीब व दलित उन व्यक्तियों तक पहुंच सके जो मौलिक व आधारभूत अधिकार तथा मानवाधिकार तथा मूल स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित है। यह जानते हुए कि संयुक्त राष्ट्र एक बड़ी संस्था है जो शांति, मानवाधिकार, सामाजिक उत्थान, विकास व अन्य क्षेत्रों में अपनी विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से काम कर रही है, परन्तु जिसमें अधिकारिकता व आवश्यक तंत्रों की कमीहै, जिससे आम सभा के निर्णयों को लागू किया जा सके। अतः अब हम मुख्य न्यायाधीष, जज, एवं कानूविद जो कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ भारत द्वारा 18 से 21 नवम्बर 2022 तक आयोजित विश्व के मुख्य न्यायाधीषों के 23वें सम्मेलन एवं पूर्व के आयोजित सम्मेलनों में पारित प्रस्ताव की पुष्टि करते हैं, तथा रूल ऑफ लॉ एवं न्यायालय की स्वतंत्रता की केन्द्रीयता की भी पुष्टि करते हैं, और आगे संकल्प करते हैं। कि विश्व के सभी देशों के प्रमुख तथा सरकारों के प्रमुख से निवेदन किया जायेगा – कि विश्व के गठन को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 108 और 109 की समीक्षा करने हेतु, ठोस कदम उठायें, ताकि संयुक्त राष्ट्र के अधिकार, प्रतिष्ठा एवं शक्ति को सुदृढ़ किया जाये ताकि आम सभा के प्रस्तावों को लागू किया जा सके. कि ग्लोबल वार्मिंग खत्म / कम करने के लिए आवश्यक कदम उठायें जैसा कि संयुक्त राष्ट्र के वातावरणीय बदलाव के सम्मेलनों में समझौते एवं प्रतिबद्धताओं में कहा गया है, एवं विकसित देशों से दृढतापूर्वक कहा है कि वे वातावरण के लिए वित्तीय सहायता के लिए



किए गए अपने वादे को समयबद्ध ढंग से पूरा करे, और कि वे राष्ट्राध्यक्षों / सरकार के प्रमुखों की एक उच्च स्तरीय बैठक बुलायें जिससे कि वे सस्टेनबल विश्व व्यवस्था एवं प्रजातांत्रिक ढंग से चुने गए विश्व संसद की स्थापना के लिए प्रभावशाली वैश्विक शासन करने वाली संस्था की स्थापना करें जिससे कि विश्व की कार्यपालिका एवं विश्व न्यायालय की स्थापना हो, कि वे अपने देशों के सभी स्कूलों में नागरिक शिक्षा, शांति शिक्षा एवं क्रास कल्चरल (अर्न्तसांस्कृतिक) समझ –पैदा करने के लिए निर्देश देने की दिशा में कदम उठायें, जिससे कि जिम्मेदार विश्व नागरिक तैयार हो सकें। यह कि संयुक्त राष्ट्र पर जोर दिया जाए :– कि वह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर की समीक्षा करे, जिसमें सुरक्षा परिषद का संशोधन सम्मिलित हो, जिससे उसको एक अधिक प्रभावशाली, प्रजातान्त्रिक एवं प्रतिनिधि संस्था बन सके।। ब) आतंकवाद, कट्टरपंथी व युद्धों को रोकने के लिए व महासंहार के शस्त्रों का अन्त करने के लिए प्रयास किए जाएँ, और एक अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट की स्थापना पर विचार किया जाए। विश्व न्यायालय के सदस्यों पर जोर दिया जाए कि सभी व्यक्तियों के सम्मान की रक्षा हो, क्योंकि यह सभी मौलिक मानवीय अधिकारों व मौलिक स्वतन्त्रताओं का आधार है। विभिन्न राष्ट्रीय सरकारों को प्रेरित करें कि स्कूलों में विश्व नागरिकता शिक्षा को प्रोत्साहित करें, अपने–अपने देशों के राजनेताओं को प्रेरित करें कि वे प्रभावशाली वैश्विक व्यवस्था स्थापित करने के लिए पूर्ण प्रयास करें। यह भी माना जाता है कि इस संकल्प पत्र की प्रतियों संसार की सभी सरकारों के हेड व मुख्य न्यायाधीशों के पास भेजी जायेंगी व संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव को भेजी जायेंगी, जिससे वे इन पर विचार करें और ठोस कदम उठाएँ। 'लखनऊ घोषणा–पत्र –2022' सिटी मोन्टेसरी स्कूल (सी.एम.एस.) द्वारा 18 से 22 नवम्बर 2022 तक आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 23वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' में विश्व के 57 देशों के न्यायविदों, कानूनविदों व अन्य प्रख्यात हस्तियों द्वारा सर्वसम्मति से पारित मानते हुए कि विश्व में युद्ध और संघर्ष व्याप्त है, जो कि जलवायु सम्बन्धित आपातकालीन स्थिति द र्थक असमानता तथा कोविड की विभीशिका के पश्चात और अधिक भीषण रूप ले सकता है और जिसके रण इसके परमाणु युद्ध में परिवर्तित होने के खतरे और विश्व में शांति व सुरक्षा पर खतरा है, महसूस करते हुए कि ग्लोबल वार्मिंग व जलवायु परिवर्तन पृथ्वी पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे है और कार्यसूची में प्राथमिकता देने की आवश्यकता है, और यह कि पेरिस समझौते में तय किए गए उद्देश्यों में जी लाने के लिए यूएन की जलवायु कान्फ्रेन्स ने जो लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, उनमें जमीनी तौर पर कुछ स प्रगति नहीं हुई है और जलवायु कोष एकत्रित करने के लिए विकसित देशों के आश्वासनों को भी पूरा हीं किया गया है, मानते हुए कि सतत विकास के लिए विश्व शांति आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है ताकि वैश्विीकरण इस युग में विज्ञान, प्रौद्योगिकी व विकास के लाभ लोगों, खासतौर से सबसे गरीब व दलित उन व्यक्तियों तक पहुंच सके जो मौलिक व आधारभूत अधिकार तथा मानवाधिकार तथा मूल स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित यह जानते हुए कि संयुक्त राष्ट्र एक बड़ी संस्था है जो शांति, मानवाधिकार, सामाजिक उत्थान, विकास य अन्य क्षेत्रों में अपनी विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से काम कर रही है, परन्तु जिसमें अधिकारिकता व आवश्यक तंत्रों की कमी है, जिससे आम सभा के निर्णयों को लागू किया जा सके।'' अतः अब हम मुख्य न्यायाधीश, जज एवं कानूविद् जो कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ भारत द्वारा 18 से 21 नवम्बर 2022 तक आयोजित विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 23वें सम्मेलन एवं पूर्व के आयोजित सम्मेलनों में पारित प्रस्ताव की पुष्टि करते हैं, तथा रूल ऑफ लॉ एवं न्यायालय की स्वतंत्रता की केन्द्रीयता की भी पुष्टि करते हैं, और आगे संकल्प करते हैं। विश्व के सभी देशों के प्रमुख तथा सरकारों के प्रमुख से निवेदन करते हैं – अ) कि विश्व के गठन को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 108 और 109 की समीक्षा करने हेतु ठोस कदम उठायें, ताकि संयुक्त राष्ट्र के अधिकार, प्रतिष्ठा एवं शक्ति को सुदृढ़ किया जाये ताकि आम सभा के प्रस्तावों को लागू किया जा सके, ब) कि ग्लोबल वार्मिंग खत्म / कम करने के लिए आवष्यक कदम उठायें जैसा कि संयुक्त राष्ट्र के वातावरणीय बदलाव के सम्मेलनों में समझौते एवं प्रतिबद्धताओं में कहा गया है, एवं विकसित देशों से दृढतापूर्वक कहा है कि वे वातावरण के लिए वित्तीय सहायता के लिए किए गए अपने वादे को समयबद्ध ढंग से पूरा करे, और स) कि वे राष्ट्राध्यक्षों / सरकार के प्रमुखों की एक उच्च स्तरीय बैठक बुलायें जिससे कि वे सस्टेनबल विश्व व्यवस्था एवं प्रजातांत्रिक ढंग से चुने गए विश्व संसद की स्थापना के लिए प्रभावशाली वैश्विक शासन करने वाली संस्था की स्थापना करें जिससे कि विश्व की कार्यपालिका एवं विश्वद) कि ये अपने देशों के सभी स्कूलों में नागरिक शिक्षा, शांति शिक्षा एवं क्रास कल्चरल (अर्न्तसांस्कृतिक) समझ पैदा करने के लिए निर्देश देने की दिशा में कदम उठायें, जिससे कि जिम्मेदार विश्व नागरिक तैयार हो सकें। यह कि संयुक्त राष्ट्र पर जोर दिया जाए कि वह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर की समीक्षा करे, जिसमें सुरक्षा परिषद का संशोधन सम्मिलित हो, जिससे उसको एक अधिक प्रभावशाली, प्रजातान्त्रिक एवं प्रतिनिधि संस्था बन सके। ब) आतंकवाद, कट्टरपंथी व युद्धों को रोकने के लिए व महासंहार के शस्त्रों का अन्त करने के लिए प्रयास किए जाएँ और स) एक अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट की स्थापना पर विचार किया जाए। विश्व न्यायालय के सदस्यों पर जोर दिया जाए अ) कि सभी व्यक्तियों के सम्मान की रक्षा हो, क्योंकि यह सभी मौलिक मानवीय अधिकारों व मौलिक स्वतन्त्रताओं का आधार है। विभिन्न राष्ट्रीय सरकारों को प्रेरित करें कि स्कूलों में विश्व नागरिकता शिक्षा को प्रोत्साहित करें, व अपने–अपने देशों के राजनेताओं को प्रेरित करें कि वे प्रभावशाली वैश्विक व्यवस्था स्थापित करने के लिए पूर्ण प्रयास करें। यह भी माना जाता है कि इस संकल्प पत्र की प्रतियाँ संसार की सभी सरकारों के हेड व मुख्य न्यायाधीशों के पास भेजी जायेंगी व संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव को भेजी जायेंगी।

## नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे समाजसेवी हनुमान सोनी

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : वर्षों से जनता की समस्याओं से जूझने वाले समाजसेवी हनुमान सोनी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान ही उनकी प्रथम प्राथमिकता होगी।आम जनता के लिए वर्तमान की तरह ही भविष्य में भी उनके दरवाजे 24 घंटे खुले रहेंगे। यह उद्गार सोमवार को सिविल लाइन स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित पत्रकारों से मुखातिब हुए गोसाईगंज के नगर पंचायत चेयरमैन के भावी प्रत्याशी हनुमान सोनी ने कही। उन्होंने गोसाईगंज नगर पंचायत क्षेत्र सहित कई क्षेत्रों में समाज सेवा में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अब तक गरीब लड़कियों की शादी, मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों की आर्थिक मदद व स्वास्थ्य की देखरेख, गरीब परिवार की लड़कियों की पढ़ाई लिखाई उनके भरण–पोषण के लिए कई कार्य किए हैं ।उन्होंने कहा कि चेयरमैन पद पर निर्वाचित होने के बाद वह गोसाईगंज में पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब का निर्माण कराएंगे। श्री सोनी ने कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं को निस्तारित कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक नगर पंचायत क्षेत्र के लिए निस्वार्थ सेवा समिति के माध्यम से आम जनता के लिए निशुल्क शव वाहन, गरीब परिवार के मृतक के लिए अंत्येष्टि के लिए निशुल्क रूप से संपूर्ण व्यवस्था कराने का कार्य किया जा रहा है। कोरोना काल में भी अपने सहयोगियों के माध्यम से लगातार भोजन की व्यवस्था की गई और हर बार गर्मियों में जल प्याऊ की व्यवस्था की जाती है। समाज सेवा के कार्यों में कभी–कभी प्रशासनिक अड़चनें आती हैं जिससे समाज सेवा के कार्य में बाधा उत्पन्न हो जाती है। इसलिए अपने सहयोगियों एवं नगर पंचायत क्षेत्र की जनता की राय से चुनाव मैदान में आया हूं। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदीप मोदनवाल प्रशांत गुप्ता मौजूद रहे।

## प्रेम प्रसंग के चलते 19वर्षीय युवक ने पेड़ में लटक कर लगाई फांसी : मौत

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : कोतवाली नगर अंतर्गत पुलिस चौकी फतेहगंज क्षेत्र में आने वाले छात्रावास के पीछे पेड़ से लटका 19 वर्षीय युवक का शव मिला प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्यम कुमार दुबे पुत्र सुशील कुमार दुबे आयु लगभग 19 वर्ष निवासी मकबरा कोतवाली नगर जनपद अयोध्या ने प्रेम प्रसंग के चलते दोपहर छात्रावास स्टेडियम के निकट पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर लिया घटना की सूचना पर फतेहगंज पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेश गुप्ता द्वारा पेड़ से उतरवाकर भाई सुंदरम दुबे के द्वारा आज दोपहर लगभग 2:05 पर जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉ आशीष पाठक ने परीक्षण कर युवक को मृतक घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा दिया फार्मेसिस्ट उपेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा तत्काल पोस्टमार्टम हेतु पुलिस मेमो बनाकर कोतवाली नगर भिजवा दिया गया वहीं नवीन मंडी चौकी के उपनिरीक्षक द्वारा पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम हेतु आधुनिक चीरघर भिजवा दिया गया है चौकी इंचार्ज सुरेश गुप्ता ने बताया कि अभी परिजनों द्वारा कोई भी प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है।

## आशीष फाउंडेशन का हुआ शुभारंभ

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : शहर के सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब के सभागार में आशीष फाउंडेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्ञानी गुरजीत सिंह खालसा गुरूद्वारा ब्रह्मकुंड एवम आशीष फाउंडेशन की अध्यक्ष आशीष कौर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यकम का शुभारंभ किया गया। फाउंडेशन की सचिव नीलाम श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को बुके भेट कर स्वागत किया। इसी कड़ी में आशीष फाउंडेशन उपाध्यक्ष परमवीर सिंह ने बताया कि मेरी संस्था का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना और अच्छी शिक्षा और कौशल प्रदान करना है । फाउंडेशन की शुरुवात दो बच्चों को उनके शिक्षा हित के लिए गोद ले कर हुई है। कार्यक्रम में आए हुए सभी सभी अतिथियों को अध्यक्ष आशीष कौर द्वारा माला पहनाकर बुके भेट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव, कुलजीत कौर, गुरविंदर सिंह,बसंत राम, सचिव नीलम श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष इन्दरप्रीत सिंह बेदी, सुमित बत्रा, आकाश गुप्त, राजेश चौबे जी, डॉ कल्पना कुशवाहा, संगीता आहूजा, प्रतीक भज्जा, सौरभ लखमनी,समिष्ठा मित्रा के साथ दर्जनों की संख्या में आशीष फाउंडेशन के तमाम पदाधिकारी के साथ का कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अवैध कच्ची शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : तारुन पुलिस ने थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत डगरा भारी निवासी एक युवक को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब व उपकरण के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चल रहे अभियान के अंतर्गत उप निरीक्षक बृजेंद्र नाथ मिश्रा अपने हमराही शैलेश कुमार यादव, प्रदीप चौहान ,अवनीश कुमार उपाध्याय,, शैलेंद्र कुमार के साथ गश्त पर थे तो देखा तमसा नदी के किनारे डगराभारी ग्राम सभा में एक युवक संजय कुमार निषाद पुत्र पति राम निषाद सोमवार को भोर में 4:00 बजे शराब बना रहा है। जिसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब एक पाइप, पतीला व एक टिन का डब्बा बरामद हुआ।युवक संजय कुमार निषाद को आबकारी अधिनियम की धारा के अंतर्गत गिरफ्तार करके जेल भेजा गया।

## निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में हुआ मरीजों का इलाज

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : तारून क्षेत्र की ग्राम सभा घूरीटीकर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चांदपुर में सोमवार को फेकों सेंटर के सहयोग से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन। जिसमे 120 मरीजो का इलाज किया गया। आयोजक सदस्य जिला पंचायत हरिश्चन्द्र निषाद ने बताया कि 120 चिकित्सा शिविर में आए हुए मरीजों का नेत्र परीक्षण करके निःशुल्क दवा वितरण किया गया। लगभग दो दर्जन मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए अयोध्या फेंको सेंटर एम्बुलेंस की सहायता से ले जाया गया ।आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में डॉ. अरुण सिंह ने अपने स्वस्थ टीम के साथ शिविर में मौजुद रहे। शिविर में प्रधान प्रतिनिधि ओंकार नाथ गुप्ता , राजेश यादव बी.डी.सी, अमित कुमार, पवन निषाद, दीपू कोरी , पवन जलवंशी ने सहयोग किया।

## गांवों में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु तारुन थाना प्रभारी ने ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : तारुन थाना प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह ने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों व पँचायत सहायकों के साथ बैठक कर गावो में पुलिस व ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर चर्चा किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस और ग्राम प्रधान दोनों का चोली दामन का साथ है। प्रधान जनता का मुख्य प्रतिनिधि होता है जो भी जनता की समस्या हो छोटी–बड़ी आप उसको तुरंत मेरे संज्ञान में लाये। जिससे उसका न्याय पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जा सके।गाव में कुछ संदिग्ध लग रहा हो या किसी प्रकार का अपराध हो। आप लोग हमको बताएं। जिससे मौके पर पुलिस पहुंच कर उसे नियंत्रित कर सके। गांव में कोई आरजकता फैलाता है या किसी प्रकार का उपद्रव करने का प्रयास करता है इसकी सूचना पुलिस को तुरंत दें। बैठक में प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेश सिंह कक्कू , बलवंत सिंह, कृपाशंकर गिरी, घनश्याम चौरसिया, रामकुमार, अर्जुन वर्मा, सहित अन्य प्रधान मौजूद रहे।

## थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा अपहरण के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के निकट पर्यवेक्षण मे तलाश वारण्टी/वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 185/2022 धारा 363,366,376,420 भा0द0वि0 व 5/6 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त 1. इंद्रसेन बिंद पुत्र छविराज बिंद निवासी झांसेपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को दिनाक 21/11/2022 को समय करीब 18:05 बजे मयूराबाद प्रयाग राज से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा जा रहा है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता 1. इंद्रसेन बिंद पुत्र छविराज बिंद निवासी झांसेपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर अभियुक्त का आपराधिक इतिहास 1. मु0अ0स0 185/2022 धारा 363,366,376,420 भा0द0वि0 व 5/6 पोक्सो एक्ट थाना खेतासराय जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.SO यजुवेंद्र कुमार सिंह थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2.उ0नि0 राकेश कुमार सिंह थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 3.कां0, सुनील यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।




## मुलायम सिंह यादव की जयंती पर अश्वनीपुरम कालोनी में आयोजित हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अयोध्या नगर निगम के अश्वनीपुरम कालोनी में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के जन्मोत्सव पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड पार्षद जगत नारायण यादव ने गोष्टी एवं जरुरतमंद लोगों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।इस कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ सपा के पूर्व राज्यमंत्री पवन पांडे के भाई पंकज पांडे ने स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि केध्रुप में आये पंकज पांडेय ने कहा कि वर्तमान समय में आम जनमानस भाजपा सरकार की रणनीति से काफी परेशान हैं।उन्होंने कहा कि यहां से वर्तमान पार्षद जगत नारायण यादव अपने ही वार्ड में नहीं बल्कि अन्य वार्डों में समस्या से पीड़ित लोगों की मदद करने से नहीं चूकते हैं।वही इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के अतिथि के रूप में आए मुखतारुल हसन बगदादी ने कहा कि इस समय जब अयोध्या नगर निगम खुद बीमार है तो आपके इस समय डेंगू जैसी गंभीर बीमारी से कैसे निजात दिलाएगी।उन्होंने कहा के भाजपा सरकार की दूरी रणनीति के चलते आज आम जनता परेशान हो रही है।वही इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि जब अयोध्या नगर निगम में अपने विभाग के कर्मियों को देने के लिए पैसे नहीं है तो डेंगू पर नियंत्रण पाने के लिए शहर में फागिंग व कीटनाशक छिड़काव कैसे करेंगे।उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों को नगर निगम पर न निर्भर रहकर बल्कि हमें अपने आप



पर निर्भर रहना होगा।वही इसी कड़ी में इस कार्यक्रम के आयोजक श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के पार्षद जगत नारायण यादव ने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के साथ साथ देश के पूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जन्मदिन की पूर्व संध्या पर कंबल वितरण कार्यक्रम कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि यह आयोजन इसी वर्ष ही ना होकर बल्कि विगत 10 वर्षों से होता चला आ रहा है।इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य दबे कुचले व असहाय लोगों की गरीबों की मदद करना है हमसे जितना बन पाएगा हम उनके मदद के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।इस मौके पर उन्होंने तीन सौ जरुरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया।इस मौके पर निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड समाजवादी पार्टी विजय नारायण यादव,वरिष्ठ समाजसेवी मौलाना अहमद अली, नगर महासचिव मीसम,छात्र सभा अध्यक्ष शिवांशु तिवारी, रजत गुप्ता, विनय मोरिया उर्फ मोनू व पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद का कार्यक्रम हुआ संपन्न : दर्जनों लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज का कार्यक्रम हुआ संपन्न। जनपद अयोध्या कुमारगंज क्षेत्र के जोरियम ग्राम सभा में अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद का एक महत्वपूर्ण जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्थानों से आए क्षत्रिय समाज के लोग पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाए। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के कोषाध्यक्ष व आईजी होमगार्ड लखनऊ से आये रणजीत सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विशेष अतिथि इंजीनियर आर पी सिंह व जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेंद्र सिंह व संचालन विश्वनाथ सिंह ने किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि हमारे समाज के सभी लोग आगे बढ़ गरीब असहाय लोगों की हर तरह से मदद करें और समाज में एकजुटता होने का संदेश दें। वही धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आज यहां पर कई दर्जनों लोगों ने आजीवन की सदस्यता ग्रहण की है, जो समाज में मजबूती बनाने का कार्य करेंगे। वही इससे पूर्व कार्यक्रम में आये सभी सम्मानित सदस्यों को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सूर्यभान सिंह, भूपेंद्र सिंह, अनिल सिंह,रिंकू सिंह, रमेश सिंह, विनय सिंह, अमित सिंह, अनिल सिंह, राकेश सिंह, सीमा सिंह, श्रीमती रेनू सिंह, गुरु प्रसाद सिंह, राम लखन सिंह सहित तमाम क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।

## पेशी के दौरान कोर्ट में उपस्थित न होने पर 6 वांछित वारंटी गिरफ्तार

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मवई पुलिस ने रविवार को आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मवई ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि पासिन पुरवा मजरे तालगांव के पवन पुत्र पारसनाथ उर्फ दोदई,ग्राम कुण्डिरा के अमरेश कुमार पुत्र राम मिलन,कल्लू उर्फ अखिलेश कुमार पुत्र राम मिलन,अमित पुत्र राम मिलन,महेश पुत्र बच्चू लाल,बब्बू पुत्र बच्चु लाल विभिन्न मामलों में वांछित थे।पेशी के दौरान कोर्ट पर उपस्थित नही हो रहे थे इस पर कोर्ट ने इन लोगों के विरुद्ध वारंट जारी कर दिया।प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी,उपनिरीक्षक फरीद खाँ,सिपाही सुनील कुमार,महिला सिपाही पूजा दीक्षित,सिपाही संतोष कुमार,सिपाही जितेंद्र कुमार राय ने रविवार को सभी 6 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2022 हेतु जिलाधिकारी द्वारा विकास भवन सभागार में बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2022 हेतु नियुक्त समस्त प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों की 22 नवम्बर 2022 को पूर्वान्ह 11:30 बजे जिलाधिकारी द्वारा विकास भवन सभागार में बैठक की गयी। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन से सम्बन्धित जो भी कार्य आवंटित किये गये है उसे सभी प्रभारी अधिकारी समय से पूर्ण कराये। जिलाधिकारी द्वारा चुनाव हेतु कर्मचारियों का डेटा 25 नवम्बर 2022 तक पूर्ण कराये जाने, मतदान कार्मिको हेतु आवश्यक वाहनों की व्यवस्था हेतु वाहन का अधिग्रहण किये जाने, प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण स्थल का चयन किये जाने, नामांकन पत्र एवं मतदान सामग्री की पैकेटिंग कराये जाने, मतदान पार्टियों के प्रस्थान हेतु स्थल चयन, स्ट्रांग रूम का निर्धारण का, मतगणना केन्द्र का निर्धारण, मतदान हेतु वीडियों कैमरे की व्यवस्था, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना हेतु सी0सी0टी0वी की व्यवस्था, चुनाव के दौरान आने वाली शिकायतों का समय से निस्तारण, मतदान कार्मिको को यात्रा भत्ता अग्रिम आहरित कर सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से वितरण कराये जाने, निर्वाचन के दौरान मा0 राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक के लिए आवश्यक व्यवस्था किये जाने, मतपत्रों/डाक मतपत्रो के मुद्रण की कार्यवाही समय से कराये जाने एवं आयोग को समय से सूचना प्रेषित किये जाने हेतु समस्त सम्बन्धित प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन का कार्य अत्यन्त ही संवेदनशील एवं समयबद्ध है, अतः निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचन के सम्बन्ध में अब तक की गयी कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) ने अवगत कराया कि प्रभारी अधि



कारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों का कार्य आवंटित किया गया है। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी को प्रभारी अधिकारी मतदान/मतगणना कार्मिक, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) प्रभारी अधिकारी सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट, नगर मजिस्ट्रेट प्रभारी अधिकारी वाहन/ईधन, रूटचार्ट एवं मानचित्र, जिला विकास अधिकारी को सहायक प्रभारी अधिकारी मतदान/मतगणना कार्मिक, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को प्रभारी अधिकारी मतदान/मतगणना कार्मिक प्रशिक्षण, उप संचालक चकबन्दी को प्रभारी अधिकारी शिकायत, मुख्य कोषाधिकारी को प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा एवं अग्रिम यात्रा भत्ता, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभारी अधिकारी को प्रेक्षक लाइजनिंग, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) को सहायक प्रभारी अधिकारी वाहन/ईधन, रूटचार्ट एवं मानचित्र, जिला पूर्ति अधिकारी सहायक को प्रभारी अधिकारी वाहन/ईधन, रूटचार्ट एवं मानचित्र, बन्दोवस्त अधिकारी को चकबन्दी प्रभारी अधिकारी मतपत्र, उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 को प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र, विनोद कुमार वर्मा, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को प्रभारी अधिकारी लेखन सामग्री, प्रपत्र एवं किट, सहायक अभियन्ता लघु सिचाई, प्रभारी अधिकारी मतपेटी, सहायक श्रमायुक्त प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोलरूम एवं सूचना प्रेषण, उपनिदेशक कृषि प्रसार प्रभारी अधिकारी वीडियोग्राफी/सी0सी0टी0वी0, अधिशासी अभियंता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 प्रभारी अधिकारी टेन्टेज, फर्नीचर एव बैरीकेटिंग व्यवस्था, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रभारी अधिकारी सूचना का प्रेषण (निकायवार सूचना प्राप्त करना संकलित कर आयोग को प्रेषित किया जाना) है।

## विधायक ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : नवसृजित नगर पंचायत मां कामाख्या में ग्राम पंचायत सैदपुर में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण समारोह पूर्वक किया गया।विधायक ने सैदपुर में इंटरलाकिंग,खड़ंजा सहित पांच विकास कार्यों का शिलान्यास किया।साथ ही चार इंटरलॉकिंग सड़को का लोकार्पण भी किया।इस मौके पर विधायक ने जनता की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनता की जो भी समस्याएं हैं उन्हें अधिकारी गंभीरता से ले और तत्काल निस्तारित कराएं।कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है हर गरीब के सिर पर छत होना चाहिए।गरीबों के आवास एवं शौचालय निर्माण के लिए सरकार के पास धन की कमी नहीं है।उन्होंने ने कहा की माँ कामाख्या नगर पंचायत बनने से जनता को शहरी सुविधायें मिलेंगी साथ ही विकास कार्यों को गति मिलेगी।जिससे हर क्षेत्र का विकास होगा।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी रशेष गुप्ता,पंचायत सचिव करुणा शंकर,वरिष्ठ भाजपा नेता तेज तिवारी,निर्मल शर्मा,प्रधान प्रतिनिधि दिनेश पांडे,बैज नाथ,शीतला प्रसाद शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

## मछली मंडी में चला नगर निगम का बुलडोजर

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : आखिरकार थाना कैंट क्षेत्र के मछली मंडी में नाले के किनारे सोमवार को अवैध रूप से रखी गुमटियों पर नगर निगम प्रशासन का बुलडोजर चला। नगर निगम प्रशासन द्वारा यह अभियान इसलिये चलाया गया कि स्वास्थ्य विभाग कर्मियों द्वारा वहां पर नाले की सफाई में अड़चन बन रही गुमटियों को नगर निगम द्वारा हटाया गया।वही इस मौके पर स्थानीय लोगो ने नगर निगम कर्मियों व अधिकारियों पर आरोप लगाया कि बिना बताये यह कार्यवाही की गई है।जो गलत है।इस समय डेंगू व टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारी के चलते शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।इसके तहत शहर को स्वच्छ रखने के लिये यह अभियान चलाया जा रहा है।इस समय शहर के अधिकतर कालोनियों के साथ साथ मुहल्ले व चौराहे पर स्थित नालो व नालियों के ऊपर सभी भवन, मकान व गुमटी स्वामी अवैध रूप से अतिक्रमण किये हुए हैं।उसी कड़ी में थाना कैंट क्षेत्र के मछली मंडी में गुमटी स्वामी नालियों पर अवैध रूप से काबिज दिखाई दे रहे थे। जिसपर आखिरकार सोमवार को नगर निगम का बुलडोजर चल ही गया।

## घर जा रहे युवक से सरेआम छीनैती

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : गोसाईगंज कोतवाली इलाके में घर जा रहे एक से युवक से रुपये व मोबाइल फोन लूट लिया। मामले की शिकायत पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस से किया है। दिये गए शिकायती पत्र में कोतवाली इलाके के बेनवा गांव निवासी शैलेन्द्र कुमार पांडे पुत्र रामअवध का कहना है कि बीती रात्रि आठ बजे के करीब वह बाइक से अम्बेडकरनगर जनपद के भीटी से वापस लौट रहा था।वह जब मड़हा पुल दूधनाथ बाबा के पास पहुंचा तो चार अज्ञात लोग खड़े थे।उन लोगो ने उसके पास पहुंचते ही उसपर डंडे से वार किया,जिससे वह बाइक सहित गिर पड़ा।इसी बीच उन लोगो ने उसे पकड़ लिया और जेब मे रखे बारह हजार नगद व मोबाइल फोन लूट लिया।एसएचओ अक्षयकुमार के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर चार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्जकर विवेचना एसआई उपेंद्रप्रताप सिंह को सौपी गयी है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर युवक की हुई मौत

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : कोतवाली बीकापुर अंतर्गत तोरो माफी मजरा के निकट बीती रात अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर हुई मौत प्राप्त जानकारी के अनुसार कृपाराम वर्मा पुत्र स्वर्गीय करिया प्रसाद वर्मा आयु लगभग 45 वर्ष निवासी ग्राम महावा कोतवाली बीकापुर जनपद अयोध्या बीती रात लगभग 10:00 बजे बीकापुर से अपने घर जा रहा था की अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारकर घायल कर दिया घायल कृपाराम वर्मा को भाई भागीरथ वर्मा द्वारा रात्रि लगभग 2:00 जिला चिकित्सालय लाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर वीरेंद्र वर्मा ने परीक्षण कर मृतक घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवाया फार्मेसिस्ट विजय वर्मा द्वारा पोस्टमार्टम हेतु पुलिस मेमो बनाकर कोतवाली नगर भिजवा दिया गया है पुलिस ने पंचनामा भर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।